Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

सिवाय कर्ता विषे अन्य कोई माहिती प्राप्त थती नथी। कर्तानी अन्य कृतिओनी सूचि श्रुतसागरना जान्युआरी २०२० ना अंकमां पत्रांक १७ थी १८मां आपेल छे।

प्रत परिचय

आचार्य श्री कैलाससागरसूरि ज्ञानमंदिरना ज्ञानभंडारमां संग्रहित हस्तप्रत क्रमांक – ७४६९३मां वल्कलचीरी सज्झाय तथा साधारणजिन स्तवन छे। पेटांक धरावती आ प्रत अपूर्ण छे. पत्रांक-१अ-१आ पर पेटांक-१ वल्कलचीरी सज्झाय छे, जे संपूर्ण छे ज्यारे पत्रांक-१आ पर पेटांक-२ साधारणजिन स्तवन अपूर्ण छे। अक्षर सुंदर अने सुवाच्य छे। एकमात्र आ प्रतना आधारे प्रस्तुत कृतिनुं संपादन करायुं छे।

वल्कलचीरी सज्झाय

॥ढि०॥ *॥ राग आसाउरी ॥ देशी कडखानी ॥*

श्री वीरजिन नमन विधिसु अणुसरी, गुणधरा गणधरा सकल समरी।
भावना भावुको भाविस्युं भाविइं, भाववंतइ वरी अमरी कुमरी ॥१॥

भली भावना भाविइं भगतिस्युं भविजना, प्रसनचंद्रिं यथा मुगति पामी।
श्रेणिकइं पूछीयुं वीतरागिं कहिवुं, ते सुणो कवि कहइ सीस नामी ॥२॥भ०...

पोतनाभिध नगर नकर राजा तिहां, सोम सम वदन नृपति सोमचंद्रो।
तास वनिता गुणधारणी धारणी, शीलवंती यथा विशदचंद्रो ॥३॥भ०...

एक दिन पलित[१] शिर देखिं राणी कहइ, शमन केरो प्रभु दूत आव्यो।
ए तेह वाणी सुणी धारणीयुत नृपति, तापसी व्रत ग्रहइं भलूं अ फाव्यो ॥४॥भ०...

राज पालइ प्रसनचंद्र भूपति भलूं, न्याय चालइं जें अन्याय टालइ।
धारणी गुरवणी मात पहिलां हती, पुत्र प्रसव्यो तेणइं वन विचालइ ॥५॥भ०...

सूत रोगइ करी कालधरम धरी, धारणी मात परलोक साधइ।
देवकुमर समो चरम देही नमो, कुमर ससी जेम वनमाहिं वाधइ ॥६॥भ०...

वाकलां[२] चीर पहर्यां थकी तेहनुं, वकलचीरी जनक नाम थापइं।
फूल वन फल असन[३] वसन पाणि प्रमुख, आणि निज तातनइं तेह आपइं ॥७॥भ०...

दिवस केता थया तेह वन माहि रह्यां, प्रसनचंद्रइं घरिं वात पामी।
चतुरपुर नायिका कामनी सायिका, भाइनइ तेडवां तेह धामी ॥८॥भ०...

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

तेह वनमां जइं निपुण वनिता थइ, भोलव्यो रोलव्यो गीतगानइं।
थाल मोदिक भरी अंग फरसइ[४] करी, लालचइं लालव्यो धन्य मानिं ॥९॥भ०...

वल्कली करि धरी तेह पाछी फरी, ताणिउं अणिउं भाई पासइं।
चित्त हरख्यो घणुं मान दीधुं घणुं, दिवस केते गया तात पासइं ॥१०॥भ०...

तात पदकज नमी पासिं बइठा यमी, वल्कली तातनां पात्र पूंजइं।
पुंजीआं पात्र पूर्विं प्रतिलोकतां, इम इहां पोहथी पाप धूजइं ॥११॥भ०...

तातनां भांड प्रतिलेखतां तेहनइं, उपनुं विमल अमल केवलनाणं।
देवकृत कमल बइसी कहइं देसना, भावना तप विमल शील दाणं ॥१२॥भ०...

सोमचंद्रइं परी[५] जैन दिख्या वरी, पालि संयम अमल शिव सधावइ।
राजनो भार निज पुत्रनइ सिर धरी, प्रसनचंद्रो लीइं संजम भावइ ॥१३॥भ०...

लेइ चारित्र सुपवित्र विचरइ यती, नगर राजगृही पवन आवइ।
ध्यान काउसगि करइं सूर नजरइ धरइ, हाथ उंचे शिववधू चलावइ ॥१४॥भ०...

वीरजिन वंदवा श्रेणिक संचरइं, साथइं दोय चर सुमुख दुमुख नामइं।
साधु काउसगि रहियो सिद्धिसुं उमहयो, देखि कहइ सुमुख धन धान्य नामइं ॥१५॥भ०...

सुमुखनुं वचन इम दुमुखनि सुणी कहइ, स्युं थुणइं धर्मविण एह साधु।
राजनो भार निज बाल सुत सिर ठवी, स्यो धर्यो वेष इति नही य साधु ॥१६॥भ०...

बालसुत राज बइठो सूण्यो गोत्रीइं, नगर वीटी रह्या तेह आवी।
इम कही ते गयो साधु मन चल थयो, ध्यान तस नवि रहियो सुमति नावी ॥१७॥भ०...

ध्यानमां साध सन्नाह[६] टोपइं[७] सहित, धनुष तरुआर हथिआरि भीडइं।
नगर जाइ अड्यो वैरी बलमां पड्यो, आथड्यो शस्त्रविण अधर[८] पीडइं ॥१८॥भ०...

श्रेणिकइं गज थकी उतरी मुनी नम्यो, ध्यान परवस पणइं पणि न जाण्यो।
विनय विधि साचवी साधु संभारतो, वीरजिन पद नमी मुनि वखाण्यो ॥१९॥भ०...

राय अवसर लही पूछीउं सामिनइं, काल करी कवण गति साधु साधइं।
वीर मुख इम कहइ नरग पहिलइ तथा, बीजी त्रीजी इम सात वाधइं ॥२०॥भ०...

साध हथिआर विण खेद पामइं घणुं, आ हणुं पाहनइ टोप लेइ।
चींतवी एम मनिं हाथ उचो करइ, लोच सिर देखि तव सुमति वेइ ॥२१॥भ०...

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

वीरजिन वचन संदेह आणि नृपइं, पुछीउं कबण गति साध केरी ।
सामि कहइं सिद्धि सरवाथइं ए भजइं, टालि निज वेग भव भ्रमण फेरी ॥२२॥भ०...

साध निज मन थकी आप निंदइ घणुं, जीव तइ स्युं कर्युं ए अकाज ।
सर्वथा सर्वथी विरतिमहि लावरी, कवण तुझ पुत्र कुण एह राज ॥२३॥भ०...

ध्यान उत्तम चड्यो योग ठाणइ अड्यो, कर्मनां दल प्रबल सकल भाजी ।
प्रसन ऋषिराज ततखिण थयो केवली, गगन सूर दुंदुंभि गुहिर[१०] गाजि ॥२४॥भ०...

दुंदुंभि स्वर सुणी राय पूछइ तथा, वीर कहइ उपनुं केवलनाणं ।
प्रसन ऋषिराज नुं चरित मांडी कहइ, सुमुखनइ दुमुखनुं वचन जाणं ॥२५॥भ०...

राय जिनराज ऋषिराज वंदी थुणइं, धन्य ए धन्य कही नगरि पोहतउ ।
प्रसन मुनि केवली चारित्र केवली, हेलवी[९] मुगति मुनि वेग पोहतो ॥२६॥भ०...

सकल कविराज सिर मुकुट जयविजय गुरु, सीस मुनि मेरु कहइ हाथ जोडी ।
जेह उपशम भर्या तेह मुनि निस्तर्या, संभर्या घर भरइ कनक कोडी ॥२७॥भली भा०...

इति वल्कलचीरी सज्झाय

शब्दकोश

१. पलित – सफेद वाळ
२. वाकलां – वल्कल
३. असन – खाद्य सामग्री
४. फरसइ –स्पर्शे
५. परी – जेम
६. सन्नाह - बख्तर
७. टोपइं – युद्धमां पहेरवानुं शिरस्त्राण
८. अधर – होठ
९. हेलवी – घडीमां
१०. गुहिर – गंभीर

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

आचार्य श्री कैलाससागरसूरि ज्ञानमंदिर में प्रकाशनाधीन कृति सूची[1]

क्रम	कृति नाम	कर्ता	रचना वर्ष	गाथा प्रमाण
१	२४ जिनकल्याणक स्तवन	मुनि समरसिंघ	-	गाथा-६५
२	१२ आराकालचक्र स्तवन	मुनि अमृतविजय	१८२३	गाथा-८२, ढाल-५
३	१२ व्रत चौपाई	मुनि आनंदकीर्ति	१६८०	गाथा-७६
४	१२ व्रत चौपाई	उपाध्याय उदयरत्न	१७६५	गाथा-१६६५, ढाल-७७
५	२० विहरमानजिन स्तवन	मुनि श्रीपाल	१६४४	गाथा-३०, ढाल-३
६	अंजनासुंदरी रास	मुनि पुण्यसागर	१६८९	खंड-३, गाथा-६३२, ढाल-२२
७	अंजनासुंदरी रास	मुनि शांतिकुशल	१६६७	गाथा-५७१
८	अंबडनृप चरित्र	गजविजय	१७७९	खंड-७, गाथा-१३५५, ढाल-५१
९	अक्षरबत्तीसी	मुनि रूपविजय	-	गाथा-४०
१०	अमरदत्तमित्रानंद चौपाई	नेमिविजय	१७२७	गाथा-५०५, ढाल-२४
११	अमरसेन वयरसेन चौपाई	मुनि धर्मवर्धन	१७२४	गाथा-३५४, ढाल-१८
१२	अर्बुदगिरितीर्थ स्तवन	मुनि अमीसागर	१८६२	गाथा-४२, ढाल-२
१३	अष्टापदतीर्थ सलोको	पंन्यास नीतविमल		गाथा-५५
१४	आत्मराज रास	सहजसुंदर	१५८८	गाथा-१०१
१५	आरामनंदन प्रबंध	मुनि भक्तिकुशल	१६८१	गाथा-३७०
१६	आर्द्रकुमारमुनि सज्झाय	वाचक कनकसोम	१६४४	गाथा-४९, ढाल-५
१७	इक्षुकारराजा चौपाई	गणि खेमराज	१६वी	गाथा-५१
१८	उत्तमकुमार चरित्र	विजयशील	१६४१	गाथा-६३८
१९	उत्तमकुमार चरित्र	विनयचंद्र	१७५२	गाथा-८४८, ढाल-४२
२०	उत्तमकुमार चौपाई	मुनि तत्त्वहंस	१७३१	गाथा-१२४५, ढाल-५१
२१	कलियुग रास	वाचक पुण्यहर्ष	-	गाथा-१०१

1. कोरोना की महामारी के समय में कोबा द्वारा 'वर्क फ्रोम होम' अन्तर्गत इन कृतियों पर लिप्यंतर कार्य किया गया है और भविष्य में संपादन कार्य किया जाएगा।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

२२	कामावती रास	शिवदास		गाथा-५६८
२३	कुलध्वज रास-शीलोपरी	वाचक धर्मसमुद्र	१५८४	गाथा-१३८
२४	चंदनमलयागिरि चौपाई	जिनहर्ष	१७४४	गाथा-४०७, ढाल-२३
२५	चंदनमलयागिरि चौपाई	कवि- केसर	१७७६	गाथा-२६५, ढाल-११
२६	चंदनमलयागिरि चौपाई	मुनि कल्याण कलश	१६९३	गाथा-१२८, ढाल-७
२७	चंदनमलयागिरि रास	मुनि भद्रसेन	१७१६	अध्याय-५, गाथा-१९९
२८	चंदनमलयागिरी चौपाई	मुनि अजितचंद	१७३६	खंड-४, गाथा-११६५, ढाल-३२
२९	चंदनमलयागिरी चौपाई	उपाध्याय सुमतिहंस	१७११	गाथा-२६५, ढाल-१६
३०	चंदनमलयागिरी चौपाई	अज्ञात जैनश्रमण	१७७८	गाथा-२७३, ढाल-१९
३१	चंद्रलेखा रास	मुनि मतिकुशल	१७२८	गाथा-६२४, ढाल-२९
३२	जिनदत्तराजा रास	रत्नसुंदरसूरि	१६०७	गाथा-१०८०, खंड-४
३३	जीवराशि क्षमापना रास	अजितदेवसूरि	१५९७	गाथा-१५०
३४	त्रिभुवनसिंहकुमार रास	गणि उत्तमसागर	१७१२	गाथा-६४७, ढाल-४४
३५	दयाछत्तीसी			गाथा-३६
३६	धन्नाऋषि चौपाई	मुनि जिनव्रधमान	१७७२	गाथा-६११, ढाल-३१
३७	धम्मिल रास	मुनि ज्ञानसागर	१७१५	खंड-३, गाथा-१००६, ढाल-२०
३८	धम्मिलऋषि चौपाई	आचार्य सोमविमलसूरि	१५९१	गाथा-२८२
३९	नवकार रास	मुनि राजरत्न	१७७५	गाथा-७०२, ढाल-४५
४०	नेमिजिन रास	शुभविजय		गाथा-८१
४१	परिग्रहप्रमाण टिप्पनक	मुनि हर्षकुंजर शिष्य	१६१०	गाथा-४७
४२	पुरोहितपुत्र सज्झाय	उपाध्याय सहजसागर	१६६९	गाथा-६४, ढाल-३
४३	पूजाविधि रास	ऋषभदास संघवी	१६८२	गाथा-५६६
४४	बुद्धिबहोत्तरी	मुनि कुशल	१८३९	गाथा-७३
४५	मदननरेश्वर चौपाई	मुनि दामोदर	१६६९	गाथा-५५७
४६	मदनश्रेष्ठी चरित्र	छगन मुनि	१९८४	खंड-७, गाथा-१२९१

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

४७	मुनिपति चौपाई	पंन्यास हीरकलश	१६०८	गाथा-७३३
४८	मेतारजमुनि सज्झाय	मुनि उदयहर्ष	१७७८	गाथा-४०, ढाल-५
४९	रात्रिभोजन परिहार सज्झाय	उपाध्याय आनंदनिधान	१६७५	गाथा-६९
५०	रामसीता चरित्र	मुनि चेतनविजय	१८५१	गाथा-४१५, ढाल-२३
५१	रिषभदत्त रूपवती चोपाई	मुनि अभयकुशल	१७३७	गाथा-४८९, ढाल-२७
५२	वीरांगद चौपाई	वाचक मालदेव	१६१२	गाथा-७०४
५३	शुकराज रास	मुनि राजपाल	१६४१	गाथा-५५३
५४	श्रीपालराजा रास	मुनि लक्ष्मीविजय	१७२७	गाथा-८०५
५५	श्रेणिकराजा चरित्र	मुनि वल्लभकुशल	१७७४	गाथा-१२३६, ढाल-५०
५६	सदयवच्छ रास	मुनि रंगविजय	१८५६	खंड-४, गाथा-२६६८, ढाल-८३
५७	सनत्कुमारचक्रवर्ति रास	आचार्य पुण्यरत्नसूरि	१६३७	गाथा-२८१
५८	समाधिमरण रास	मुनि मोहन	१८७८	गाथा-१८९, ढाल-११
५९	सुभद्रासती चौपाई	गणि रूपवल्लभ	१८२५	गाथा-५४०, ढाल-२५

क्या आप अपने ज्ञानभंडार को समृद्ध करना चाहते हैं ?

आचार्य श्री कैलाससागरसूरि ज्ञानमंदिर, कोबा में आगम, प्रकीर्णक, औपदेशिक, आध्यात्मिक, प्रवचन, कथा, स्तवन-स्तुति संग्रह आदि विविध प्रकार के साहित्य प्राकृत, संस्कृत, मारुगुर्जर, गुजराती, राजस्थानी, पुरानी हिन्दी, अंग्रेज़ी आदि भाषाओं में लिखित विभिन्न प्रकाशकों द्वारा प्रकाशित बहुमूल्य पुस्तकों का अतिविशाल संग्रह है, जो हम ज्ञानभंडारों को भेंट में देते हैं। भेंट में देने योग्य पुस्तकों की सूची तैयार है। यदि आप अपने ज्ञानभंडार को समृद्ध करना चाहते हैं, तो यथाशीघ्र संपर्क करें। पहले आने वाले आवेदन को प्राथमिकता दी जाएगी।

ग्रंथपाल

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

कर्मवाद, जैन कर्म साहित्य अने पंच संग्रह

पुण्यविजयजी

(हीरालाल देवचंद शाह द्वारा वि.सं. १९९७मां प्रकाशित 'श्रीमान् चंद्रमहत्तराचार्य विरचित पंच संग्रह' पुस्तक द्वितीय खंडना आमुख मांथी साभार)

भारतीय दर्शनसाहित्यमां कर्मवादनुं स्थान

केवलज्ञानदिवाकर, सर्वतत्त्वरहस्यवेदी, विश्वोपकर्ता अने जगदुद्धर्ता श्रमण भगवान श्री वीर-वर्धमान तीर्थंकरे प्रतिपादन करेल जैनदर्शनमां स्याद्वाद, अहिंसावाद वगेरे वादो जेम एना महत्त्वना अंग स्वरूप छे। ए ज रीते अने एटला ज प्रमाणमां कर्मवाद ए पण एनुं एवुं ज प्रधान अंग छे।

स्याद्वाद अने अहिंसावादना व्याख्यान अने वर्णनमां जेम जैनदर्शने जगतभरना साहित्यमां एक भात पाडी छे, ए ज प्रमाणे कर्मवादना व्याख्यानमां पण एने एटलां ज कौशल अने गौरव दर्शाव्यां छे। ए ज कारण छे के, जैनदर्शने करेली कर्मवादनी शोध अने तेनुं व्याख्यान ए बन्नेय भारतीय दर्शन साहित्यमां तेना अनेकान्तवाद, अहिंसावाद वगेरे वादोनी माफक चिरस्मरणीय महत्त्वनुं स्थान भोगवी रहेल छे।

जैनदर्शनमां कर्मवादनुं स्थान

आजे सामान्य मान्यता एवी छे के "जैनदर्शन कर्मवादी छे" अलबत्त, आ मान्यता असत्य तो नथी ज; छतां आ मान्यतानी आडे एक एवी भ्रान्ति जन्मी छे के "जैनदर्शन मात्र कर्मवादी छे" आ संबंधमां कहेवुं जोईए के "जैनदर्शन मात्र कर्मवादी छे एम नथी, पण ते विश्ववादी छतां टूंकमां महातार्किक आचार्य श्री सिद्धसेन दिवाकरना-

कालो सहाव नियई पुव्वकयं पुरिसकारणेगंता।
मिच्छत्त ते चेवा समासओ होंति सम्मत्तं ।।

आ कथनानुसार कालवाद, स्वभाववाद वगेरे पांच कारणवादने माननार दर्शन छे।" कर्मवाद ए उपरोक्त पांच कारणवाद पैकीनो एक वाद छे, आम छतां उपर जणावेल भ्रान्त मान्यता उद्भववानुं मुख्य कारण एटलुं ज छे के जैनदर्शने मान्य करेल पांच वादो पैकी कर्मवादे साहित्यना क्षेत्रमां जे विशाळ स्थान रोकेलुं छे एना शतांश जेटलुंय स्थान बीजा एक पण वादे रोक्युं नथी। आ उपरथी समजी शकाशे के "जैनदर्शन मात्र कर्मवादने माननार दर्शन नथी, पण ते टूंकमां पांच कारणवादने माननार अनेकान्तवादी दर्शन छे।"

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

मौलिक जैन कर्मसाहित्य

जैन कर्मवादनुं स्वरूप अने तेनुं व्याख्यान अत्यारे विद्यमान जैन आगमोमां छूटुं अमुक प्रमाणमां होवा छता ए एटलुं अपूर्ण छे के जे जैन कर्मवादनी महत्ताना अंगरूप न बनी शके; तेम ज जैन आगमो पैकीनुं कोईपण आगम एवुं नथी जे केवळ कर्मवाद विषयने लक्षीने होय।

आ स्थितिमां सौ कोईने ए जिज्ञासा सहेजे ज थाय अने थवी ज जोईए के, "त्यारे जैनदर्शनना अंगभूत कर्मवादना व्याख्याननुं मूळ स्थान क्युं?" आ विशे जैन कर्मवाद विषयक साहित्यना व्याख्याता अने प्रणेताओनो ए जवाब छे के "जैन कर्मवाद विषयक पदार्थोनुं मूळभूत, विस्तृत अने संपूर्ण व्याख्यान कर्मप्रवादपूर्वमां अर्थात् कर्मप्रवादपूर्व नामक महाशास्त्रमां करवामां आव्युं छे; ए महाशास्त्रना आधारे अमारुं कर्मवादनुं व्याख्यान, ग्रंथ रचना वगेरे छे।"

आजे आ मूळभूत महाशास्त्र काळना प्रभावथी विस्मृति अने नाशना मुखमां पड़ी गयुं छे। आजे आपणां समक्ष विद्यमान कर्मवाद विषयक साहित्य ए उपरोक्त महाशास्त्रना आशयने आधारे निर्माण करायेल अंशरूप साहित्य छे।

उपर जणावेल महाशास्त्रनी विस्मृति अने अभावमां कर्मसाहित्यना निर्माताओने कर्मवाद विषयक केटलीये वस्तुओनां व्याख्यानो प्रसंगे प्रसंगे छोड़ी देवां पड्यां अने केटलीये वस्तुओनां विसंवाद पामतां तात्त्विक वर्णनो श्रुतधरो उपर छोडी देवामां आव्यां छे"[1]

1. (क) "अकरण अणुइन्नाए अणुओगधरे पणिवयामि ॥१॥"
"करणं क्रिया, ताए विणा जा उवसामणा सा अकरणो वसामणा..... ताते अणुओगो वोच्छिन्नो तो तं अजाणंतो आयरिओ जाणंतस्स नमोक्कारं करेति ॥" (कर्मप्रकृतिचूर्णि-उपशमनाकरणे॥)
"अकरणकृतोपशमनाया नामधेयद्वयम्, तद्यथा- अकरणोपशमना, अनुदीर्णोपशमना च तस्याश्च सम्प्रत्यनुयोगो व्यवच्छिन्नः।" (मलयगिरीया टीका ॥)
(ख) तत्र या करणरहिता तस्या व्याख्या नास्ति, तद्वेतृणामभावात् । (पंचसंग्रहे स्वोपज्ञ टीका।)
(ग) "जीवपदप्रतिबद्धानां त्वालापगणनादीनां द्वाराणां प्ररूपणा सम्प्रदायाभावाद् न क्रियते" (बृहत्कल्पसूत्र विभाग ४, पत्र १२१९)
(घ) "शेषाणि तु द्रव्यप्रमाणादीनि सप्तानुयोगद्वाराणि कर्मप्रकृतिप्राभृतादीन् ग्रन्थान् सम्यक् परिभाव्य वक्तव्यानि । ते च कर्मप्रकृति प्राभृतादयो ग्रन्था न सम्प्रति वर्तन्ते इति लेशतोऽपि दर्शयितुं शक्नोति तेनावश्यं दर्शयित्वायनि। प्रज्ञोन्मेषो हि सतामद्यापि तीव्रतीव्ररक्षयोपशमभावेनासीमो विजयमानो लक्ष्यते । अपि चान्यदपि यत् किञ्चिदपि यत् किञ्चिदिह क्षूणमापतितं तत् तेनापनीय

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जैन कर्मसाहित्यना प्रणेताओ

जैन कर्मवाद विषयक साहित्यना प्रणेताओ श्वेतांबर अने दिगंबर एम बे विभागमां वहेंचाई जाय छे, ते छतां कर्मवादनुं व्याख्यान अने वर्णन तो एक रूपमां रह्युं छे। ए ज कारण छे के दरेक तात्त्विक विषयमां बन्नेय संप्रदाय समानतंत्रीय तरीके ओळखाय छे। ए साहित्यनी विशेषताना विषयमां पण उभय संप्रदाय समान दरज्जामां ऊभा छे। अलबत्त, ग्रंथकर्ताओना क्षयोपशमानुसार ग्रंथरचना अने वस्तु वर्णनमां सुगम-दुर्गमता, न्यूनाधिकता के विशदाविशदता हशे अने होई शके, ते छतां, वास्तविक रीते जोतां, बन्नेय पैकी कोईनाय कर्मवाद विषयक साहित्यनुं गौरव ओछुं आंकी शकाय तेम नथी। अवसरे अवसरे, जेम दरेक विषयमां बने छे तेम, कर्मवाद विषयक साहित्यमां पण उभय संप्रदाये एक-बीजानी वस्तु लीधी छे, वर्णवी छे अने सरखावी पण छे। ए ज पुरवार करे छे के कर्मवाद विषयक साहित्यमां बन्नेय पैकी एकेयनुं गौरव ओछुं नथी।

बन्नेय संप्रदायमां कर्मवाद विषयक निष्णात आचार्यो एक समान दरज्जाना थया छे, जेमना वक्तव्यमां क्यांय स्खलना न आवे। कर्मप्रकृति, पंचसंग्रह जेवा समर्थ ग्रंथो, तेनो विषय अने तेना नाम आपवा वगेरे बाबतमां पण बन्नेय संप्रदाय एक कक्षामां ऊभा छे।

श्वेतांबर संप्रदायमां भगवान श्री शिवशर्मसूरि, चूर्णिकार आचार्य, श्री चंद्रर्षि महत्तर, श्रीमान गर्गर्षि, नवांगी वृत्तिकार आचार्य श्री अभयदेवसूरि, श्री मुनिचंद्रसूरि, मलधारी श्री हेमचंद्राचार्य, श्री चक्रेश्वरसूरि, श्रीमान धनेश्वराचार्य, खरतर आचार्य श्री जिनवल्लभसूरि, आचार्य श्री मलयगिरि, श्री यशोदेवसूरि, श्री परमानंदसूरि, बृहद्गच्छीय श्री हरिभद्रसूरि, श्री रामदेव, तपा आचार्य श्री देवेन्द्रसूरि, श्री उदयप्रभ, श्री गुणरत्नसूरि, श्री मुनिशेखर, आगमिक श्री जयतिलकसूरि, न्यायविशारद न्यायाचार्य महोपाध्याय श्री यशोविजयजी वगेरे संख्याबंध मौलिक तेम ज व्याख्यात्मक कर्मवाद विषयक साहित्यना प्रणेता अने व्याख्याता निष्णात आचार्यो अने स्थविरो थई गया छे। ए ज रीते दिगंबर संप्रदायमां पण भगवान श्री पुष्पदंताचार्य, श्री भूतबलि आचार्य, श्री कुन्दकुन्दाचार्य, स्वामी श्री समन्तभद्राचार्य, श्री गुणधराचार्य, श्री यति वृषभाचार्य, श्री वीरसेनाचार्य, श्री नेमिचंद्र सिद्धान्तचक्रवर्ती वगेरे कर्मवाद विषयक साहित्यना प्रणेता अने व्याख्याता पारंगत आचार्यो अने स्थविरो थया छे।

क्रमशः

तस्मिन् स्थानेऽन्यत् समीचीनमुपदेष्टव्यम्। सन्तो हि परोपकारकरणैकरसिका भवन्तीति॥ (सप्ततिका गाथा ५३, मलयगिरीया टीका पत्र २४१")

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

प्राचीन पाण्डुलिपियों की संरक्षण विधि

राहुल आर. त्रिवेदी

(गतांक से जारी)

पारंपरिक देशी उपाय

वर्तमान में अनेक प्रकार के आधुनिक रासायनिक कीटनाशकों का उपयोग किया जाता है। परन्तु हमें ऐसे रसायनों का प्रयोग नहीं करना चाहिए, बल्कि पारंपरिक असरदार तरीके अपनाने चाहिए। अभी भी संरक्षण के पारंपरिक तरीके प्रचलन में हैं, क्योंकि इन विधियों की अपनी खूबियाँ हैं- ये मानव स्वास्थ्य के लिए खतरनाक नहीं हैं। इनसे सामग्री पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता है। इन विधियों में अधिक विशेषज्ञता तथा उपकरण और धन की आवश्यकता नहीं होती है। ये सामग्रियाँ सैकडों बरसों से हर परिस्थिति में सफलतापूर्वक आजमाई हुई है।

इस संदर्भ में प्रभावशील सामग्रियों को संक्षेप में प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है।

ताडपत्रों की सुरक्षा के लिए निम्नलिखित वस्तुओं का प्रयोग किया जाता है-

क) जिंजली तेल ख) सरसों का तेल

ग) सिद्रनोला तेल घ) नीम का तेल

ङ) काजू का तैल च) हल्दी पावडर

ताडपत्रों में से फफूंद को साफ करने के लिए निम्नलिखित पदार्थों का प्रयोग किया जाता है-

क) अजवायन की गंध ख) नींबू का तेल

ग) कपूर+नारियेल तेल घ) चाय के पौधे का तेल

कागज एवं ताडपत्र के पाण्डुलिपियों को संग्रहित किए जानेवाले कबाटों एवं आलमारियों में पारंपरिक औषधियाँ रखी जाती थीं, जो इस प्रकार है-

१. कलौंजी-१०० ग्राम, घुडवच्छ (घोड़ावच)-१०० ग्राम, दालचीनी-१०० ग्राम, लौंग-२५ ग्राम, पीपर-२५ ग्राम इन पाँचों को पीसकर ५ ग्राम कपूर मिलाकर चूर्ण तैयार कर पोटली रखने पर इसका प्रभाव ६ माह तक रहता है।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

२. छोटे पैकेट में अश्वगंधा और उसके सूखे पत्तों को रखा जाता है

३. सेब के बीज के पाउडर का उपयोग पांडुलिपियों पर पनपने वाले कीड़ों को हटाने के लिए किया जाता है।

४. सूखे तम्बाकू के पत्ते कीड़ों के हमले से पांडुलिपियों की सुरक्षा करते हैं। पत्तियों को आम तौर पर छोटे कपड़े की थैलियों में पैक किया जाता है या आलमारियों में फैला दिया जाता है जहाँ पांडुलिपियाँ रखी होती हैं। पत्तियों का निकोटिनिक एसिड कीड़ों को पाण्डुलिपियों से दूर रखता है।

५. छाया में सुखाई गई नीम की पत्तियाँ पाण्डुलिपियों को सुरक्षित करती है।

६. सीताफल (शरीफे) के बीज को पोटली में रखा जाता है।

७. साँप की कैंचुली पोथी/कबाटों में रखी जाती है।

इस तरह पारम्परिक रूप से आजमाए हुए इन देशी उपायों से इस अमूल्य विरासत को सुरक्षित रखा जा सकता है ।

परंपरागत देशी उपाय :

जैन संस्कृति में ग्रन्थों को संभालना धर्म कहा गया है। ग्रन्थों को वैसे स्थान पर रखा जाता है जहाँ धूल आदि न हो और उनका अपमान न हो। कागज पाण्डुलिपियों के पन्ने मुड़ें नहीं, किनारियों का घर्षण न हो इसलिए पाटी, पाठा और पुट्ठों का उपयोग किया जाता है तथा ताडपत्रों के लिए सीसम एवं साग की बनी हुई लकडी की पट्टियों का उपयोग किया जाता है। पढते समय ग्रंथ के पत्रों को अच्छी तरह हाथ में थामने के लिए पट्टिका आधार बनती है। पत्र मुड के टूटते नहीं, हवा आदि के झोंके से सुरक्षित रहते हैं, इनके उपयोग के कारण ग्रन्थ के पन्ने अस्तव्यस्त नहीं होते हैं।

ग्रंथो को पढते वक्त बाहर रखे पन्नों पर 'कवली' रखी जाती है जिससे पन्ने उड़ते नहीं है और उन्हें नुकसान पहुँचता नहीं है। इन ग्रंथों को दाबडाओं(बक्सों) में रखा जाता था। दाबडाओं के चार प्रकार बताए गये हैं-

१. लकडी से निर्मित दाबडा, २. कागज से निर्मित दाबडा, ३. चमड़े से निर्मित दाबडा एवं ४. चंदन से निर्मित दाबडा। ऐसे कई दाबडाएँ भिन्न-भिन्न ज्ञानभंडारों में प्राप्त होते हैं।

लकड़ी से निर्मित दाबडा

दाबडा अर्थात् एक प्रकार की पेटी या डब्बा कह सकते हैं। इस दाबडा की

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

लकडी को बाहर से पॉलिश किया जाता है। उसके ऊपर चंदन का रस अथवा पीले-लाल आदि मिश्रित रंगों को लगाया जाता है। इन दाबडाओं को रंग देने से जीव-जन्तु इससे दूर रहते हैं।

कागज से निर्मित दाबडा

अनुपयोगी कागजों को एकत्रित कर पानी में भिगोकर उसे कूटकर उसमें मेथी आदि चिकने पदार्थों को मिलाया जाता है। उससे सुंदर दाबडाओं का निर्माण किया जाता है। उन दाबडाओं को रेशमी या सूती कपड़े से आच्छादित किया जाता है, अधिकतर दाबड़ाओं पर लाल एवं सफेद रंग के कपड़े मढे जाते हैं। उन कपडों पर रंग चढाया जाता है अथवा चित्र भी बनाये जाते हैं । इनमें प्रायः ताडपत्रीय ग्रंथों को रखा जाता है और उसको डोरी से बांधा जाता है। पाटण आदि ज्ञानभंडारों में ऐसे दाबड़े पाए जाते हैं।

चमड़े से निर्मित दाबडा

कागज के दाबड़ाओं पर जैसे कपड़े मढ़े जाते हैं, वैसे ही चमड़े के दाबड़ाओं पर कपड़े का उपयोग किया जाता है। कागज की पाण्डुलिपियों के लिए चमड़े का आवरण भी होता था। चमड़े के दाबड़ाओं का उपयोग अधिक लाभदायक होता है।

चंदन से निर्मित दाबडा

लकडी के दाबड़ाओं की तरह चंदन की लकड़ियों से भी पेटी बनाई जाती थी। उनमें आगमिक विशिष्ट धार्मिक ग्रंथो को रखा जाता था। ये दाबड़े साधारण रूप से या सुंदर ग्रंथों के प्रसंगों के आधार पर तराशे जाते थे।

इन दाबडाओं में रखे गए ग्रन्थों को हवा, पानी, कीट आदि से बचाया जा सकता है। मुख्यतः ग्रंथों को ही कपडे व पट्टिकानुमा डोरी से आवेष्टन किया जाता है, यह बड़ा महत्त्वपूर्ण कार्य है। इसके लिए एक सूक्ति है कि 'शत्रुवत् बंधेत् पुस्तकम्' पुस्तक को दुश्मन की तरह दृढ बंधन में बांधना चाहिए। दाबडों में रखने व पट्टिकाओं के साथ दृढ बंधन के अधिक फायदा ग्रंथों को प्राप्त होता है।

पाण्डुलिपियों को दृढ बंधन के फायदे-

ग्रंथों को दृढ बंधन में न रखने से उसके अंदर हवा का संचार होता जिससे कागज में रहे क्लोरीन दीर्घकाल के बाद उसे जलाकर काला कर देती है। यदि दृढ बंधन किया हुआ रहता है, तो उसमें हवा न जाने से नमी और फफुंद होने की संभावना नहिवत् हो जाती है। जीवातों के लिए प्रवेश व आगे बढना दुष्कर हो जाता है तथा

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

आकस्मिक आग भी लग जाय तो अंदर ऑक्सीजन की कमी के कारण आग भी सरलता से नहीं लगती है मात्र किनारियों को जला सकती है। इस हेतु पाण्डुलिपियों के लेखकों के द्वारा भी लिखा गया है कि-

जलाद्रक्षेत् तैलाद्रक्षेत् रक्षेत् शिथिल बंधनात् ।
उदकानलचौरेभ्यो, मूषकेभ्यो हुताशनात् ।
मूर्खहस्ते न दातव्यं एवं वदति पुस्तकम् ।।१।।

पाण्डुलिपियों की पानी, वायु, चोर, चूहे तथा अग्नि से रक्षा करनी चाहिए। पुस्तक ऐसा कहती है कि जल से, तेल से तथा शिथिल बन्धन से भी (हमारी) रक्षा करनी चाहिए तथा मूर्ख के हाथ में नहीं देनी चाहिए ।

भग्नपृष्ठिकटिग्रीवा, वक्रदृष्टिरधोमुखम् ।
कष्टेन लिखितं शास्त्रं, यत्नेन परिपालयेत् ।।२।।

क्योंकि इन पाण्डुलिपियों को प्रतिलेखकों ने कड़ी मेहनत से लिखा होता है। इसका वर्णन करते हुए कहते हैं कि गर्दन, पीठ और मस्तक को झुकाकर, वक्र दृष्टि रखकर बड़े कष्ट से इस ग्रन्थ को लिखा है, अतः उसे बहुत सावधानी से संभालना चाहिए ।

लेखकों ने भी पांडुलिपियों को अपने पुत्रों के समान सुरक्षा देने का अनुरोध किया है।

(क्रमशः)

श्रुतसागर के इस अंक के माध्यम से प. पू. गुरुभगवन्तों तथा अप्रकाशित कृतियों के ऊपर संशोधन, सम्पादन करनेवाले सभी विद्वानों से निवेदन है कि आप जिस अप्रकाशित कृति का संशोधन, सम्पादन कर रहे हैं अथवा किसी महत्त्वपूर्ण कृति का नवसर्जन कर रहे हैं, तो कृपया उसकी सूचना हमें भिजवाएँ, जिसे हम अपने अंक के माध्यम से अन्य विद्वानों तक पहुँचाने का प्रयत्न करेंगे, जिससे समाज को यह ज्ञात हो सके कि किस कृति का सम्पादनकार्य कौन से विद्वान कर रहे हैं? इस तरह अन्य विद्वानों के श्रम व समय की बचत होगी और उसका उपयोग वे अन्य महत्त्वपूर्ण कृतियों के सम्पादन में कर सकेंगे.

निवेदक

सम्पादक (श्रुतसागर)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

पुस्तक समीक्षा

डॉ. हेमन्तकुमार

पुस्तक नाम - श्रीपाल रास

कर्ता - श्री विनयविजयजी म. सा.

पूर्तिकर्ता - श्री यशोविजयजी म. सा.

संपादक - श्री प्रेमलभाई कापडिया

प्रकाशक - हर्षदराय प्राइवेट लिमिटेड, मुंबई

प्रकाशन वर्ष - वि. सं. २०६७

भाग - ५

भाषा - मारुगूर्जर मूल, गुजराती, हिन्दी एवं अंग्रेजी विवेचन

विशेषता - चित्रों की प्रधानता से नवपदजी के माहात्म्य का विवेचन

समग्र जैन संघ में सुपरिचित नवपदजी माहात्म्य को प्रदर्शित करता श्रीपाल रास अपने निर्माण काल से ही जन-जन के लिये अति उपयोगी रहा है। पूज्य उपाध्याय श्रीविनयविजयजी एवं पूज्य महोपाध्याय श्री यशोविजयजी द्वारा लिखित इस सिद्धचक्र माहात्म्य काव्य में मयणासुंदरी एवं श्रीपाल राजा के व्यक्तित्व को विशेष रूप से प्रकाशित किया गया है। इस कथा के माध्यम से मुख्यरूप से मयणा के नारीत्व, सतीत्व, सत्व, ज्ञान, श्रद्धा, धैर्य, औदार्य आदि का वर्णन बड़े ही कुशलता पूर्वक किया गया है।

यह पवित्र कथा प्रत्येक वर्ष चैत्र एवं आश्विन मास के शाश्वत आयंबिल-ओली के दिनों में पूज्य साधु-साध्वीजी भगवंतों द्वारा श्रीसंघों को सुनाई जाती है और श्रावक श्राविकाएँ भी बडे भाव से इसे पढते है। समग्र जैन संघ के लिए अति महत्त्वपूर्ण इस पावन ग्रंथ का परम दानवीर श्रीमान प्रेमलभाई कापडिया ने विक्रम संवत २०६७ में सर्वोत्कृष्ट व सर्वोपयोगी प्रकाशन किया है। गुजराती, हिन्दी एवं अंग्रेजी इन तीनों भाषाओं में ग्रंथ का प्रकाशन कर उन्होंने ऐसा सराहनीय प्रयास किया है कि संपूर्ण विश्व में कहीं भी रहने वाले साधर्मिक भाई-बहन इस ग्रंथ का पूरा-पूरा लाभ उठा सकें।

मारुगूर्जर भाषा में लिखित श्रीपाल रास की सभी गाथाओं को कलात्मक ढंग से प्रस्तुत करने हेतु उत्तमोत्तम प्राचीन सचित्र हस्तलिखित ग्रंथों का आधार लिया गया

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

है। बहुमूल्य ऐतिहासिक सचित्र हस्तप्रतों के अतिसुंदर किनारियों से प्रत्येक गाथाओं को सुशोभित किया गया है। इस ग्रंथ में जैन चित्रकला का अद्वितीय संकलन किया गया है। वाचक वर्ग के लिए इस प्रकार की अनुठी कलाकृतियों का दर्शन भी दुर्लभ है। इस ग्रंथ के अवलोकन से यह पता चलता है कि जैन जगत के उत्कृष्ट, सुंदर एवं दुर्लभ चित्रकला को देशभर से एकत्र कर इस पावन ग्रंथ की शोभा में चार चाँद लगा दिया है। यह कार्य सोने में सुहागा जैसा ही है।

श्रीपाल रास में वर्णित प्रत्येक मुख्य प्रसंगों को विशेष रूप से नव चित्रित चित्रों में उतारकर हृदयंगम बनाने का प्रयास किया गया है। ग्रंथ में उद्धृत जयपुर मुगल शैली के चित्र अति सुंदर और उच्चस्तरीय हैं। संकलित उत्तम कलाकृतियाँ कथा प्रसंगों में प्राण का संचार करती हैं।

प्रस्तुत ग्रंथ में वाचक वर्ग की जानकारी एवं सुविधा हेतु प्रत्येक विषय की प्रस्तुति योग्य रूप से की गई है। सर्वग्राह्य एवं बहुप्रचलित मूलपाठ को प्राचीन देवनागरी लिपि में ही प्रकाशित कर वाचकों को प्राचीन लिपि का दर्शन कराने का अनुपम उपकार किया है। मारुगूर्जर भाषा में लिखित टबार्थ को भी उसी रूप में प्रकाशित कर वाचकों के लिये अति उपयोगी बनाने का प्रयास किया गया है। पूर्वकालीन महात्माओं द्वारा लिखित शब्द प्रायः गूढार्थयुक्त, विविध नयसापेक्ष होते हैं, इसलिए उनके रचित ग्रंथों को समझने में उपयोगी विषयों का योग्यरूप से समायोजन किया गया है। मूल ग्रंथ से संबंधित आवश्यक सामग्री को परिशिष्ट में प्रकाशित करके इस प्रकाशन को और अधिक उपयोगी बनाया गया है।

पाँच भागों में प्रकाशित इस विशालकाय ग्रंथ में कुल ४०२ बहुमूल्य एवं हृदयंगम प्राचीनतापूर्ण रंगीन चित्रों का संकलन करके जैन चित्रकला का अजोड़ नमूना प्रस्तुत किया गया है। सभी चित्र कथा प्रसंगों से संबंधित एवं हृदय में आह्लाद उत्पन्न करने वाले हैं। इस प्रकाशन में जिस कागज का उपयोग किया गया है वह दीर्घायु है तथा छपाई भी बहुत ही सुंदर एवं आकर्षक है।

श्रावकश्रेष्ठ माननीय श्री प्रेमलभाई कापडिया ने प्रस्तुत पावन ग्रंथ को उपयोगी सामग्री एवं चित्रों के साथ प्रकाशित कर जैनजगत गगन में एक देदीप्यमान नक्षत्र की भाँति प्रस्थापित कर दिया है। संपूर्ण जैन समाज को गौरवान्वित करने वाला यह प्रकाशन साधकों, संशोधकों, जिज्ञासुओं, ज्ञानियों, सामान्य वाचकों के लिये या यों

(अनुसंधान पृष्ठ-२७ पर)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

समाचार सार

जिनशासन के महान प्रभावक, राष्ट्रसंत परम श्रद्धेय पूज्य आचार्य श्री पद्मसागरसूरीश्वरजी महाराजा की निश्रा में गांधीनगर - श्री शीतलनाथ जैन मंदिर सेक्टर-२४ में प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न

गांधीनगर, सेक्टर-२४ - श्री शीतलनाथ जैन मंदिर के प्रांगण में दि. ११-३-२०२० को प्रातःकाल ७:३० बजे नूतन परमात्मा तथा राष्ट्रसंत पूज्य आचार्यदेव श्री पद्मसागरसूरीश्वरजी महाराजा तथा सकल संघ के साथ बाजते-गाजते हर्षोल्लासपूर्वक धूमधाम से प्रवेश हुआ। इस शोभायात्रा में संघ के प्रमुख श्री दिनेशभाई कांतिलाल सहित अनेक श्रद्धालु शामिल थे। प्रवेश के पश्चात् राष्ट्रसंत पूज्यश्री का मांगलिक प्रवचन तथा गुरुपूजन का कार्यक्रम हुआ। पूज्यश्री की निश्रा में पंचधातु से निर्मित श्री आदिनाथ भगवान एवं रजत से निर्मित श्री शांतिनाथ भगवान की प्रतिमा तथा श्री सिद्धचक्र यंत्र का जिनालय प्रवेश व प्रतिष्ठा का विधान मंगल मंत्रोच्चारपूर्वक सम्पन्न हुआ।

इन क्षणों में आचार्य श्री हेमचन्द्रसागरसूरिजी, गणिवर्य श्री प्रशांतसागरजी, परम पूज्य पं. श्री चन्द्रशेखरविजयजी महाराज साहब के शिष्य पंन्यास श्री यशकल्याण-विजयजी तथा योगनिष्ठ आचार्य श्री बुद्धिसागरसूरीश्वरजी महाराज साहब की समुदाय-वर्तिनी वरिष्ठ साध्वीवर्या श्री पुण्यप्रभाश्रीजी म. सा. आदि साध्वीजी भगवंत उपस्थित रहे। आचार्य श्री हेमचन्द्रसागरसूरिजी म.सा. की पावन प्रेरणा से मातुश्री विमलाबेन हीरालाल मेहता परिवार की ओर से श्री शांतिनाथ भगवान की प्रतिमा आराधना हेतु श्री संघ को अर्पित की गई। नूतन देवकुलिका के निर्माण का लाभ चन्द्राबेन नवीनचंद्र शाह की स्मृति में उनके सुपुत्र श्री प्रणवभाई नवीनचन्द्र शाह को मिला।

श्री आदिनाथ भगवान की प्रतिमा भराने का लाभ श्रीमती पुष्पाबेन चंपकभाई शाह, श्री शान्तिनाथ भगवान की प्रतिमा भराने का लाभ श्रीमती सुरबालाबेन विनयचंद्र शाह तथा श्री सिद्धचक्र यंत्र भराने तथा प्रवेश का लाभ श्रीमती पूर्णिमाबेन आशुतोषभाई शाह तथा श्रीमती अलकाबेन हेमेन्द्रभाई शाह ने लिया। जिनालय में परमात्मा के समक्ष प्रतिष्ठाविधान के मंगल अनुष्ठान किए गए। तत्पश्चात् उपस्थित श्रीसंघ के लिए नवकारशी तथा विशेष संघपूजन का आयोजन भी किया गया। इस प्रसंग पर गांधीनगर, सेक्टर-२४ के मेयर श्रीमती लीलाबेन शुक्ला ने राष्ट्रसंत पूज्यश्री के आशीर्वाद ग्रहण किये। संघप्रमुख ने अपनी भावना व्यक्त करते हुए कहा कि

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

राष्ट्रसंत पूज्यश्री तथा पधारे हुए सभी साधु-साध्वीजी भगवंत की निश्रा मिली यह श्री संघ का अहोभाग्य है। इस पावन प्रतिष्ठा व मंगल पदार्पण से श्रीसंघ के ट्रस्टी, कारोबारी तथा संघ के सभी सदस्यों ने अहोभाव व्यक्त किया कि इस हेतु समस्त श्रीसंघ पूज्यश्री का सदा ऋणी रहेगा।

कोबा तीर्थ में राष्ट्रसंत पूज्यश्री के पावन सान्निध्य में वर्धमानतप की ओली का पारणा एवं गुरु गौतमस्वामी महापूजन का भव्य आयोजन

श्री महावीर जैन आराधना केन्द्र में फाल्गुन कृष्णपक्ष ७ दि. १५ मार्च २०२० रविवार के दिन श्री वर्धमानतप की ओली के अनुमोदनार्थ गुरु गौतमस्वामी महापूजन का आयोजन किया गया। राष्ट्रसंत पूज्य आचार्यदेव श्री पद्मसागरसूरीश्वरजी महाराजा की निश्रा में तथा आचार्य श्री अमृतसागरसूरिजी, आचार्य श्री अरुणोदयसागरसूरिजी, आचार्य श्री हेमचन्द्रसागरसूरिजी व गणि श्री प्रशांतसागरजी म.सा. एवं विशाल श्रमण-श्रमणीवृंद के पावन सान्निध्य में साध्वीवर्या श्री कल्परत्नाश्रीजी म. सा. की १५१वीं ओली और साध्वी श्री हर्षनंदिताश्रीजी म.सा. की ७५वीं ओली का तप-अनुमोदना सह पारणा का कार्यक्रम सानंद संपन्न हुआ। सुपात्रदानपूर्वक प्रसंग का लाभ साध्वीजी भगवंत के सांसारिक परिवार द्वारा लिया गया।

प्रातः ९:३० बजे तप की अनुमोदना के निमित्त गुरु गौतमस्वामी महापूजन का आयोजन श्री महावीर जैन आराधना केन्द्र के परिसर में अवस्थित गुरुमंदिर में किया गया। आमंत्रित अतिथि तथा श्रद्धालु गुरुभक्त विशाल संख्या में उपस्थित थे। इस अवसर पर कोबा तीर्थ के ट्रस्टी तथा महुडी (मधुपुरी) तीर्थ के ट्रस्टी व सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे।

राष्ट्रसंत पूज्यश्री ने साध्वीजी भगवंत के लंबे तप की अनुमोदना करते हुए कहा कि तप द्वारा कर्मो की निर्जरा होती है, यह परिवार पुण्यशाली है, माता-पिता ने बचपन से ही तप के संस्कार दिए हैं। आयंबिल का तप महामंगलकारी कहा गया है।

प्रवचन के बाद राष्ट्रसन्त पूज्यश्रीने सभी को मंगल आशीर्वाद प्रदान किए।

मातुश्री पानीबेन नागजीभाई मेघजीभाई गडा, हस्ते - महेन्द्रभाई गडा, चंदनबेन विशनजीभाई छेड़ा परिवार द्वारा पूजन में पधारे हुए अतिथियों तथा श्रद्धालुओं हेतु स्वामीवात्सल्य का आयोजन किया गया।

❋ ♦ ❋

For Private and Personal Use Only

पूज्य राष्ट्रसन्त श्रीमद् पद्मसागरसूरीश्वरजी महाराजा की निश्रा में श्री कोबातीर्थ में आयोजित वर्धमानतप ओली के अवसर पर श्रीगौतमस्वामी महापूजन की झलकियाँ

For Private and Personal Use Only

Registered Under RNI Registration No. GUJMUL/2014/66126 SHRUTSAGAR (MONTHLY). Published on 15th of every month and Permitted to Post at Gift City SO, and on 20th date of every month under Postal Regd. No. G-GNR-334 issued by SSP GNR valid up to 31/12/2021.

घोडावच

नीम के पत्ते

फ्युमिगेशन चेम्बर

साँप की केंचुली

पाण्डुलिपि संरक्षण की पारंपरिक व अद्यतन पद्धति

BOOK-POST / PRINTED MATTER

प्रकाशक

श्री महावीर जैन आराधना केन्द्र

आचार्य श्री कैलाससागरसूरि ज्ञानमंदिर, कोबा

जि. गांधीनगर ३८२४२६

फोन नं. (०७९) २३२७६२०४, २०५, २५२

फेक्स (०७९) २३२७६२४९

Website : www.kobatirth.org

email : gyanmandir@kobatirth.org

Printed and Published by : HIREN KISHORBHAI DOSHI, on behalf of SHRI MAHAVIR JAIN ARADHANA KENDRA, New Koba, Ta.&Dist. Gandhinagar, Pin-382426, Gujarat. And **Printed at :** NAVPRABHAT PRINTING PRESS, 9, Punaji Industrial Estate, Dhobighat, Dudheshwar, Ahmedabad-380004 and **Published at :** SHRI MAHAVIR JAIN ARADHANA KENDRA, New Koba, Ta.& Dist. Gandhinagar, Pin-382426, Gujarat. **Editor :** HIREN KISHORBHAI DOSHI

For Private and Personal Use Only